INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC ASSESSMENT - 1 (2019-20) **Set-1**
HINDI

CLASS : VII **MAX.MARKS : 15**
DATE : 12 /05/19 **DURATION: 45 MINS**

सामान्य निर्देश : **(1)** इस प्रश्न-पत्र में कुल **7** प्रश्न हैं।
(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(3) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

प्रश्न **1** : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

'संस्कृति' और 'सभ्यता' ये दो शब्द हैं और उसके अर्थ भी अलग-अलग हैं। सभ्यता मनुष्य का वह गुण है जिससे वह अपनी बाहरी तरक्की करता है। संस्कृति वह गुण है जिससे वह अपनी भीतरी उन्नति करता है, करुणा, प्रेम और परोपकार सीखता है। आज रेलगाड़ी, मोटर, हवाई जहाज़, लंबी-चौड़ी सड़कें, बड़े-बड़े मकान,अच्छा भोजन और अच्छी पोशाक-ये सभ्यता की पहचान हैं और जिस देश में इनकी जितनी ही अधिकता है, उस देश को हम उतना ही सभ्य मानते हैं। मगर संस्कृति उन सबसे कहीं बारीक चीज़ है। वह मोटर नहीं, मोटर बनाने की कला है, मकान नहीं, मकान बनाने की रुचि है। संस्कृति धन नहीं, गुण है। संस्कृति ठाट-बाट नहीं, विनय और विनम्रता है। एक कहावत है कि सभ्यता वह चीज़ है, जो हमारे पास है, लेकिन संस्कृति वह गुण है जो हममें छिपा है।

(क) आज हम किस तरह के देशों को सभ्य मानते हैं? **(1)**
(ख) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। **(1)**
(ग) मनुष्य अपनी भीतरी उन्नति किससे करता है ? **(1)**

प्रश्न **2** : 'कार्यकर्म ' और 'गाँधी ' शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। **(1)**

प्रश्न **3** : 'आँख 'शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(1)**

प्रश्न **4** : निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए । **(2)**
(क) मेरे को बस से घर जाना है।
(ख) दिल्ली में देखने योग्य अनेक दर्शनीय स्थल है।

प्रश्न **5** : निम्नलिखित वर्णो के योग से शब्द बनाइए। **(2)**
(क) प्+र्+अ+श्+न्+अ
(ख) प्+अ+र+ई+क्+ष्+आ

प्रश्न 6 : निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **(2)**

अरमान , वात्याचक्र , कटुक , शुभचिंतक

प्रश्न 7 : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(4)**

(क) हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते हैं?

(ख) दादी माँ के स्वभाव का कौन-सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है? अपने विचार लिखिए।

(ग) लेखक को दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन की और किन-किन बातों की याद आ जाती है?

****

INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC ASSESSMENT - 1 (2019-20) Set -2
HINDI

CLASS : VII **MAX.MARKS : 15**
DATE : 12 /05/19 **DURATION: 45 MINS**

सामान्य निर्देश : (1) इस प्रश्न-पत्र में कुल 7 प्रश्न हैं।
(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(3) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

'संस्कृति' और 'सभ्यता' ये दो शब्द हैं और उसके अर्थ भी अलग-अलग हैं। सभ्यता मनुष्य का वह गुण है जिससे वह अपनी बाहरी तरक्की करता है। संस्कृति वह गुण है जिससे वह अपनी भीतरी उन्नति करता है, करुणा, प्रेम और परोपकार सीखता है। आज रेलगाड़ी, मोटर, हवाई जहाज़, लंबी-चौड़ी सड़कें, बड़े-बड़े मकान, अच्छा भोजन और अच्छी पोशाक -ये सभ्यता की पहचान हैं और जिस देश में इनकी जितनी ही अधिकता है, उस देश को हम उतना ही सभ्य मानते हैं। मगर संस्कृति उन सबसे कहीं बारीक चीज़ है। वह मोटर नहीं, मोटर बनाने की कला है, मकान नहीं, मकान बनाने की रुचि है। संस्कृति धन नहीं, गुण है। संस्कृति ठाट-बाट नहीं, विनय और विनम्रता है। एक कहावत है कि सभ्यता वह चीज़ है, जो हमारे पास है, लेकिन संस्कृति वह गुण है जो हममें छिपा है।

(क) आज सभ्यता की पहचान किन-किन चीजों से होती है? **(1)**
(ख) मनुष्य अपनी बाहरी तरक्की किससे करता है? **(1)**
(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **(1)**

प्रश्न 2 : 'परिक्षा' और 'आंचल' शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए । **(1)**

प्रश्न 3 : 'कनक' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । **(1)**

प्रश्न 4 : निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए । **(2)**
(क) तुम्हारे को शर्मा जी बुला रहे हैं।
(ख) मैं रविवार के दिन विद्यालय नहीं जाऊँगा।

प्रश्न 5 : निम्नलिखित वर्णों के योग से शब्द बनाइए। **(2)**
(क) ज्+ञ्+आ+न्+ई
(ख) व्+इ+श्+व्+आ+ स्+अ

प्रश्न 6 : निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **(2)**

फुनगी , आर्थिक , उन्मुक्त , प्राय:

प्रश्न 7 : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(4)**

(क) पक्षी को पालना उचित है या अनुचित ? अपने विचार लिखिए।

(ख) पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन-सी इच्छाओं को पूरी करना चाहते हैं?

(ग) दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति क्यों खराब हो गई थी?

****